(ख) भारत में शिक्षा प्रसार के लिए स्वामी विवेकानन्द क्या उपाय सुझाते हैं ? 7

5. (क) मानक, अमानक और उपमानक भाषा को उदाहरण सहित समझाइए। 8

अथवा

अशुद्धियों के प्रकार पर प्रकाश डालिए।

(ख) सामाजिक गतिशीलता से क्या तात्पर्य है ? 7

Roll No. ....

DD–2091

B. A./B. A. B. Ed. (Part I)

EXAMINATION, 2020

(Foundation Course)

Paper First

HINDI LANGUAGE

Time : Three Hours

Maximum Marks : 75

Minimum Pass Marks : 26

नोट : सभी प्रश्न अनिवार्य हैं। प्रश्नों के अंक उनके सामने निर्दिष्ट हैं।

1. (क) निम्नलिखित सूक्ति का पल्लवन कीजिए (कोई एक) : 8

(i) नर हो न निराश करो मन को

(ii) का वर्षा जब कृषि सुखाने

(iii) अहिंसा परमो धर्मः

अथवा

राशन कार्ड बनवाने हेतु सचिव को पत्र लिखिए।

(ख) 'ईदगाह' कहानी का सारांश लिखिए। 7

2. (क) निम्नलिखित मुहावरे एवं लोकोक्तियों का अर्थ लिखते हुए वाक्यों में प्रयोग कीजिए (कोई चार) : 4

(i) आँचल पसारना

(ii) आँखें दिखाना

(iii) ऊँट के मुँह में जीरा

(iv) ऊँची दुकान फीका पकवान

(v) ईद का चाँद

(vi) खून सूखना

अथवा

निम्नलिखित शब्दों के **दो-दो** पर्यायवाची शब्द लिखिए (कोई चार) : 4

(i) आग

(ii) पुत्र

(iii) तालाब

(iv) कमल

(v) सूर्य

(vi) घर

(vii) पुष्प

(ख) निम्नलिखित वाक्यों को शुद्ध कीजिए : 4

(i) कई रेलवे कर्मचारियों की गिरफ्तारी हुई।

(ii) ये बातें केवल दिखावा भर थी।

(iii) श्रीकृष्ण के अनेक नाम है।

(iv) उन्होंने सरलता के साथ उत्तर दिया।

(ग) भारत वन्दना के भाव को अपने शब्दों में लिखिए। 7

3. (क) देवनागरी लिपि की वैज्ञानिकता पर प्रकाश डालिए। 8

अथवा

निम्नलिखित गद्यांश का उचित शीर्षक बताते हुए सारांश लिखिए :

शिक्षा का उद्देश्य मनुष्य को मनुष्य बनाना, उसमें आत्मनिर्भरता की भावना पैदा करना तथा देशवासियों का चरित्र निर्माण करना होता है परन्तु वर्तमान शिक्षा प्रणाली में इस प्रकार का कोई लाभ नहीं होता। इसे केवल उदरपूर्ति का साधन मात्र कह सकते हैं। वह भी पूर्णतया नहीं क्योंकि अब भी प्रतिवर्ष विश्वविद्यालयों से हजारों नवयुवक डिग्री प्राप्त करके निकलते हैं परन्तु उन्हें नौकरी नहीं मिल पाती। इस प्रकार बेकारी दिनों-दिन बढ़ती जा रही है। यह इस शिक्षा का प्रमुख दोष है। दूसरा दोष यह है कि इस शिक्षा व्यवस्था से मनुष्य के मानसिक, शारीरिक तथा सात्विक शक्तियों का पूर्ण विकास नहीं होता। वर्तमान शिक्षा में पला हुआ मनुष्य अपने देश की सभ्यता और संस्कृति से अपने देश की वस्तुओं से तथा भारतीय संस्कारों से घृणा करने लगता है।

(ख) 'भोलाराम का जीव' में व्यंग्य के माध्यम से किस समस्या पर कटाक्ष किया गया है ? 7

4. (क) सूचना प्रौद्योगिकी के प्रमुख घटकों का वर्णन कीजिए। 8

अथवा

कम्प्यूटर में हिन्दी भाषा अनुप्रयोग पर प्रकाश डालिए।